न्यूज 12 भारत
डिजिटल मीडिया
सच्ची बात
Website : www.news12bharat.com
संस्करण : धनबाद | गुरुवार 20 जून 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया

## एक नजर

### रणधीर वर्मा चौक पर नीट (NEET) के विद्यार्थियों के पक्ष में आंदोलन किया गया



न्यूज12 भारत संवाददता

धनबाद : रणधीर वर्मा चौक पर नीट (NEET) के विद्यार्थियों के पक्ष में आंदोलन किया गया और विद्यार्थियों को न्याय दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से जांच की मांग किया गया विद्यार्थियों तथा आम जनता को सीबीआई और ईडी पर विश्वास नहीं है अतः इसे लेकर आज पूरे भारत में आम आदमी पार्टी का धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम चल रहा है जिसे लेकर धनबाद जिला से आज मुख्य रूप से उपस्थित रहे. जिला संयोजक अशोक महतो जिला महासचिव मदन राम जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार प्रदेश संगठन से दिनेश यादव जितेंद्र कुमार सिंह विनोद कुमार जायसवाल रविंद्र नाथ सिंह सदरे आलम डब्लू अंसारी जावेद अख्तर जावेद खान सरफराज अहमद आलोक खरवार राजू शाह धीरज कुमार दास आदि लोग उपस्थित है.

### अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केन्द्रीय मंत्री ने किया स्वागत



न्यूज12 भारत संवाददता

गया।गया में गया के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तकरीबन 9:00 बजे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद नालंदा के लिए रवाना हो गए। उसके पहले दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से विशेष हेलीकॉप्टर से नालंदा के लिए रवाना हो चुके है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस के तैनाती की गई थी और आने जाने वाले पर विशेष निगरानी भी रखी जा रही थी. गया के डीएम-एसएसपी और सिटी एसपी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया है।।

### खावा पंचायत के नवयुवकों ने जेसीबी से कार्य कराने का किया विरोध



(न्यूज 12 भारत) गिरिडीह

गिरिडीह सदर प्रखण्ड अंतर्गत खावा पंचायत में कुछ दिन पहले मनरेगा के तहत एक कुंआ में जेसीबी से काम कारने का हमला सामने आया है। इसका विरोध गांव के नवयुवकों ने किया और बताया गया कि इस मामले की जानकारी वरीय पदाधिकारी को आवेदन दिया फीर भी कार्रवाई नही हुई। नवयुवकों ने गिरिडीह जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

### एन.एस.यू.आई झारखंड ने नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर कोचिंग सेंटरों के बाहर सिग्नेचर कैंपेन चलाया




न्यूज12 भारत संवाददता

रांची : कांग्रेस छात्र संगठन झारखंड एन.एस.यू.आई नेत्री आरुषी वंदना के नेतृत्व में नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर रांची के कोचिंग सेंटरों के बाहर सिग्नेचर कैंपेन चलाया गया। सैकड़ो विद्यार्थियों ने इस मुहिम में हिस्सा लिया। आरुषी वंदना ने कहा कि नीट का पेपर लीक हुआ है, लेकिन एनटीए इस बात को मानने को तैयार नहीं है। लाखों स्टूडेंट्स का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। इतने बडे.मुद्दे पर सरकारी चुप्पी यह साफ दर्शाती है कि सरकार इस अन्याय के खिलाफ न होकर मूक रहकर इसे बढ़ावा दे रही है। एनटीए शक के घेरे में है क्योंकि पेपर लीक की बात सामने आई थी, फिर भी परीक्षा का आयोजन हुआ। इसके बाद जो स्कोर आ ही नहीं सकते वह भी जारी कर दिए गए। इसी के साथ नीट का रिजल्ट भी जल्दबाजी पहले ही जारी कर दिया गया। इसी को देखते हुए झारखंड एनएसयूआई संगठन ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर मांग की है कि स्टूडेंट्स को राहत देते हुए परीक्षा फिर से करवाई जाए। पीड़ित छात्रों को उचित न्याय दिया जाए, जिसके वह सब हकदार है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरुषी वंदना, रवि वर्मा, पी.कृतिका रॉव, अभिषेक दुबे, प्रखर शर्मा, दीप रॉय, निशांत, पूजा, राकेश एव सैकड़ो विद्यार्थी मौजूद थे।

# दूरदराज गांवों के जागरूक मतदाताओं का आभार प्रकट करना हमारा फर्ज- सुदेश महतो

- जनता के सुख- दुःख में सहभागी बनकर समस्या का समाधान ही हमारा ध्येय
- सुदेश महतो पहुँचे पांडुवा गांव, आभार सभा को किया संबोधित
- टुंडी और बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में आभार यात्रा आयोजित
- डुमरी और गिरिडीह विधानसभा में 20 जून को होगा आभार यात्रा का आयोजन

न्यूज12 भारत संवाददता





रांची/धनबाद : चुनावों में दूरदराज के गांवों के मतदाता जिस उत्साह और उम्मीदों के साथ मतदान में हिस्सा लेते हैं उनके प्रति आभार प्रकट करना हमारा फ़र्ज़ बनता है। कठिन परिस्थितियों में जीवन जीने और सबसे ज्यादा मेहनत करने वाले जागरूक मतदाताओं की भावना समझने हम निकले हैं। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने टुंडी विधानसभा अंतर्गत टुंडी पूर्वी के पांडुवा गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आभार सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आभार यात्रा के जरिए हम सिर्फ मुख्यालयों को ही नहीं दूर दराज के गांवों में रहने वाले ग्रामीण जिन्होंने ने इस लोकसभा चुनाव में पुनः हमें अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है उसके लिए हम उनके गांव पहुँचकर उनका आभार प्रकट कर रहे हैं। गांव में पहुँचकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ ही वहां की समस्यओं से भी रूबरू हो रहे हैं। विकसित राज्य की कल्पना विकसित गांव के बिना अधूरी है। आमजनों से एक मतदाता के रूप में नहीं बल्कि उनसे एक इंसान के रूप में जुड़ना और उनके दुःख दर्द में सहभागी बनकर हर संकट के समाधान में उनका सहयोगी बनना हमारा ध्येय है।
उन्होंने उपस्थित सभी मतदाताओं के प्रति गिरिडीह लोकसभा में चंद्र प्रकाश चौधरी की जीत सुनिश्चित करने के लिए आभार प्रकट किया। सुदेश महतो ने कहा गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी जिम्मेदारी है। पिछले कार्यकाल के बचे हुए विकास कार्यों को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के साथ जनहित से जुड़े विकास की नई परियोजनाओं को गिरिडीह में लाने की दिशा में तेज़ी के साथ काम किया जाएगा। जनता के जनादेश का सम्मान और विकसित गिरिडीह हमारा लक्ष्य। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम सभी मिलकर काम करेंगे। पांडुवा गांव में आयोजित आभार सभा को संबोधित करने के बाद पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो टुंडी बाजार के थाना मोड़ से महथा काम्प्लेक्स तक और राजगंज बाजार अंतर्गत दुर्गा मंदिर से थाना तक पदयात्रा कर जनता के प्रति आभार प्रकट किया। इसके बाद आभार यात्रा बाघमारा विधानसभा पहुँची। यहां सुदेश कुमार महतो ने कतरास में स्वास्तिक टॉकीज से सूर्य मंदिर तक पदयात्रा कर बाघमारा की जनता को लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने और अपना समर्थन चंद्र प्रकाश चौधरी को देने के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया।

# प्रशासन को अनुसूचित जाति परिवार के भरण पोषण के लिए पेंशन उपलब्ध कराए -डॉ मनीष पंकज मिश्रा

न्यूज12 भारत संवाददता



गया : गया नगर निगम गया के द्वारा अनुसूचित जाति परिवार के सेवानिवृत्ति और मृत्यु के उपरांत परिवार पारिवारिक पेंशन नहीं दिए जाने पर लगभग 125 परिवार आर्थिक संकट आ जाने के कारण भुखमरी की स्थिति आ गया है नगर निगम के पारिवारिक पेंशनधारी राष्ट्रीय मानव अधिकार प्रदेश अध्यक्ष के कार्यालय आप बीती सुनाया पारिवारिक पेंशनधारियों में शिवनी देवी,ललिता देवी, सीता देवी ने बतलाया कि हम लोग के पारिवारिक पेंशन मिलता था लेकिन हम लोग का पेंशन बंद कर दिया गया है जिससे हम लोग का भुखमरी जैसा स्थिति बन गया है पेंशनधारियों से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्षडॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा आप लोग को जो पेंशन मिलता था वह पेंशन क्यों बंद कर दिया गया है इसकी जानकारी प्राप्त करेंगे सारे पेंशनधारियों ने बतलाया की नगर निगम में मेरे बात को सुनने वाला कोई नहीं है कोई स्पष्ट बात नहीं बताता है राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने नगर निगम के आयुक्त से मांग किया कि नगर निगम के पारिवारिक पेंशनधारियों को पेंशन नहीं मिलने पर भूखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विशेष रूप से उन परिवारों के लिए जिनकी आय का प्रमुख स्रोत पेंशन है, इस धनराशि के बिना जीवन-यापन करना बेहद कठिन हो सकता है। पेंशन न मिलने से परिवार की बुनियादी आवश्यकताएं जैसे भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं, और बच्चों की शिक्षा प्रभावित होता है.पेंशन न मिलने का कारण प्रशासनिक लापरवाही, कागजी कार्यवाही में देरी, सिस्टम की खामियां हो सकती हैं।
इन समस्याओं का समाधान निकालने के लिए सरकार और संबंधित विभागों को तत्परता से काम करना चाहिए। पेंशन की नियमितता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जिससे पारिवारिक पेंशन मिल सके नगर निगम के आयुक्त से मिलने के बाद पूरी जानकारी प्राप्त होने पर पेंशनधारी परिवारों के साथ न्याय के लिए गुहार लगाएंगे। इसके साथ ही साथ बिहार सरकार के नगर विकास मंत्री नितिन नवीन से मिलकर नगर निगम के इस कारनामे की जानकारी देंगे ताकि गरीब परिवारों को आर्थिक मदद मिल सके।

# धनबाद में बड़ा सड़क हादसा कार सवार चार की मौत एक घायल



न्यूज12 भारत संवाददता

- रांग साइड ड्राइविंग ने ले ली चार लोगों की जान अज्ञात वाहन कार को रौंदा
- मृतक सभी धनबाद के ही रहने वाले 11-40 बजे रात की घटना

धनबाद : JH10CL-3689 ब्रेजा कार सवार चार की मौतथ घटना स्थल पर ही हो गयी जब की एक बुरी तरह घायल हैं । बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के लोहार बरवा जीटी रोड के समीप हुई घटना । कार पर सवार सभी लोग धनबाद के रहने वाले बतलाये जा रहे हैं बरवाअड्डा किसान चौक से तेज गयी में विपरीत दिशा में राजगंज की और जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर हो गयी जिसमें कार पर सवार चार लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी और एक बुरी तरह घायल हैं ।जिसे स्थानीय पुलिस ने इलाज के लिए SNMMCH भेज दिया है । मृतको में एक रांगाटांड का राहुल गुप्ता चुड़ी व्यवसाय और दुसरा अंकीत कुमार गांधी नगर का है ।घटना के समय चलती वाहन में सभी शराब का सेवन कर रहें थें ।

# एनआईए की टीम ने चर्चित गैंगस्टर अमन साहू के रांची और हजारीबाग स्थित आवास की तलाशी ली

आपत्तिजनकदस्तावेजसहितकुछसामानकोजब्तकिया




न्यूज12 भारत संवाददता

रांचीः झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के पैतृक घर और उसके रिश्तेदारों के यहां नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की छापेमारी चल रही है। प्राप्त जानकारी के सुबह 5 बजे ही केन्द्रीय जांच एजेंसी ने रांची में कम से कम दो ठिकानों के अलावा हजारीबाग के गिद्दी में छापेमारी की। रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव में केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए की टीम ने उसके घर में कागजात खंगाले।अमन साहू पलामू जेल में बंद है। उस पर कई गंभीर आरोप हैं।अमन साहू पर रंगदारी,लेवी वसूली के अलावा अनेको मामले चल रहे हे।हत्या लूट रंगदारी के साथ साथ लेवी वसूली को लेकर अमन सुर्खिया में आया था।अमन की नजर खनिज संपदा पर अधिक बताई जाती है ।प्रदेश मे ऐसा कोई भी क्षेत्र नही है जहां अमन गैंगस्टर के लोग नही हों ।अमन के पासैंऐ अत्याधुनिक हथियारों का जखीरा भी बताया जाता है ।अमन का सम्बन्ध लॉरेंश बिश्नोई गैंगस्टर से भी बताया गया है।

# बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव जय बहादुर सिंह यादव का हुआ स्वागत

न्यूज12 भारत संवाददता



जोड़ापोखर। बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव जय बहादुर सिंह यादव का स्वागत धनबाद में आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव मदन राम और अध्यक्ष अशोक महतो, दिनेश कुमार यादव ने जोरदार तरीके से किया गया। श्री यादव कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता में कोल इंडिया अध्यक्ष सह चेयरमैन से मिलकर ओबीसी पदाधिकारी ने अपनी बातों को रखा है। सिंगरौली लौटने के दौरान श्री यादव धनबाद जिसमें संगठन कार्य के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि ओबीसी को 27% आरक्षण दिया जाना एवं वर्ष 2018 से वर्ष 2022 के बीच मेडिकल बिल पर काटे गए टैक्स की वापसी जो करोड़ों रुपए में है। एसेंसियल के द्वारा वापस करना और 30 लख रुपए होम लोन एडवांस को बहाल करना। जो मात्र सीसीएल के अधिकारी को ही मिल पाया है अभी कंपनियों में 30 लाख रुपए देने की व्यवस्था नहीं हो पाई है। जिसे देखकर चेयरमैन साहब के द्वारा शासन दिया किया गया कि जल्द से जल्द 30 लख रुपए देने अधिकारी एवं कर्मचारी अपना मकान खरीद पाएंगे साथी कोल इंडिया एजेंडा की बैठक की गई है। जिसमें सभी कंपनी के अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित हुए एवं सभी अनुसांगी कंपनी के ओबीसी ऑफिसर उपस्थित रहे और सभी के द्वारा मांगो को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया है । मुख्यालय बैठक में मुख्य तौर पर कॉल इंडिया अध्यक्ष गुलाब सिंह कोल इंडिया महासचिव जय बहादुर सिंह यादव एवं सभी सब्सिडियों के अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित रहे चेयरमैन साहब के द्वारा दिए गए आश्वासन से ओबीसी पूर्ण रूप से अस्वस्थ है कि ओबीसी को 27% का आरक्षण एवं 30 लख रुपए होम लोन एडवांस एवं NCL के द्वारा मेडिकल बिल पर काटे गए टैक्स की वापसी वर्ष 2018 से बुद्ध वर्ष 2022 का किया जाएगा।

# सुकन्या सामाजिक ज़न सहयोग फाउंडेशन ने बिहार सरकार के मंत्री रेणु देवी को किया गया सम्मानित



न्यूज12 भारत संवाददता

पटना : सुकन्या सामाजिक ज़न सहयोग फाउंडेशन द्वारा बिहार सरकार के मंत्री माननीय रेणु देवी जी को सम्मानित करते हुए सचिव अमाल दास, बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी रामा शीश चौहान अपने पदाधिकारियों के साथ सम्मानित करते हुए, आग्रह किए की वंचित समाज की महिलाओं को विकास मे मुख्य मार्ग पर लाने का प्रोजेक्ट को विधान सभा मे लेकर जन हित में लागू कराए, श्रीमती रेणु देवी जी से लोगों को बहुत उम्मीद है, बिहार के विकास पुरूष नीतीश कुमार जी को बहुत बहुत हार्दिक शुभ कामनाएँ , जीन होने वंचित समाज की बेटी को बिहार सरकार मे पशु पालन मंत्री बनके वंचित समाज को राजनीति के मुख्य धारा से जोड़ कर विकास के मुख्य मार्ग पर लेने का प्रयास किया। हमारे फाउंडेशन की ओर से पटना मे वंचित समाज के महिलाओं के उत्थान के लिए एक सेमिनार का आयोजन जुलाई महीना मे संपन्न कराने के लिए विचार विमर्श किया गया 1 नीतीश कुमार जी का योजना को घर घर तक हमारा फाउंडेशन पहुंचा ने का कार्य कर के लोगों को लाभ दिलाकर कल्याण करेंगे 1

# पति की मौत के बाद बस्ताकोला क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा प्रोविजनल जॉइनिंग नहीं देने पर पत्नी पिंकी बर्मा भूख हड़ताल पर बैठी

न्यूज12 भारत संवाददता



तिसरा। पति की मौत के बाद बस्ताकोला क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा प्रोविजनल जॉइनिंग नहीं देने पर बुधवार को पत्नी पिंकी बर्मा गोलकडीह कार्यालय के मुख्य द्वार पर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ गई है ! उनका कहना है कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा आंदोलन जारी रहेगा ! उनके इस निर्णय से पूरे गोलकडी में दिनभर चर्चा होती रही ! हालांकि प्रबंधन के तरफ से कोई भी सुध लेने नहीं पहुंचा था ! पिंकी देवी के समर्थन में बीसीकेयू उतर आया है और कहा है कि उनकी हर लड़ाई में साथ खड़ा रहेंगे !
क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे पिंकी वर्मा ने कहीं की मेरे पति जितेंद्र कुमार सोनी के ओसीपी में एसबीए के पद पर कार्यरत थे ! 26 मई 2023 को पथरडीह स्थित अपने आवास से केओ सीपी ड्यूटी जाने के दौरान सड़क दुर्घटना हो गई थी !जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए थे ! केंद्रीय अस्पताल धनबाद ले जाया गया था जहां उनकी मौत 26 तारीख को हो गई थी ! 27 मई को कोसीपी कार्यालय में प्रबंधन के साथ संयुक्त मोर्चा के नेताओं की वार्ता हुई जिसमें यह सरस्वती से निर्णय लिया गया कि जितेंद्र कुमार सोनी के स्थान पर उनकी विधवा पत्नी पिंकी वर्मा को प्रोविजनल नियोजन उनके द्वारा आवश्यक दस्तावेज (पत्नी होने का प्रमाण पत्र) उपलब्ध करवाने के उपरांत दिया जाएगा क्योंकि स्वर्गीय सोनी का सेवा अभिलेख में उनकी पत्नी का नाम दर्ज नहीं है ! प्रोविजनल नियोजन की तिथि उनकी पत्नी के द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के जांचोंपरांत के बाद यदि अनुकूल होता है तो इस तारीख से मान्य होगा ! अब सभी कागजात उपलब्ध कराने के बावजूद प्रोविजनल जॉइनिंग नहीं दिया जा रहा है ! इसके विरोध में भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया गया ! जिसकी सूचना बस्ताकोला महाप्रबंधक के ओ सी पी प्रबंधन एक जून 2024 को ही अवगत करा दिया गया था !वावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई !

# अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगायें, एक पेड़ लगाना, सौ गायों का दान देने के समान : प्रकाश पटवा

न्यूज12 भारत संवाददता



गया। जिला अध्यक्ष जदयू व्यवसाय एवं उद्योग प्रकोष्ठ सह मगध बुनकर अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा ने बताया कि 15 जून 1967 को मेरा जन्म हुआ इस लिए इस 57 वा जन्म दिन होने पर अपने जन्मदिन के अवसर पर घर परिवार एवं दोस्तों में खुशी हुआ एवं एक पौधारोपण कर एवम केक काटकर अपना जन्म दिन हर्षोल्लास के साथ जन्म उत्सव के रूप में धूमधाम से सपरिवार एवम दोस्तो संग मनाया ।आगे प्रकाश पटवा ने बताया लड़का या लड़की पैदा होने पर तथा शादी होने , किसी का जन्मदिन या अन्य खुशी में अपने अपने घरों के आसपास या अपने घर में,या छत पर ,गमलों में एक पौधा अवश्य लगाएं। जल जीवन हरियाली के तहत सभी लोग पौधा रोपण के लिए संकल्पित है। हरित वातावरण से जल स्तर और पर्यावरण में सुधार होगा। जब तक जल है ,तभी तक जीवन है। तभी तक मानव है, और तभी तब ही कोई जीव जंतु पृथ्वी पर है। अगर जल नष्ट होगा, तो हरियाली नष्ट होगी। तो यह जीवन बचने वाला नहीं है।

# लाखों गरीबों का रहवास अब अबुआ आवास के रूप में ले रहा आकार जल्द मिलेगा लाखों गरीब गृहविहीन लोगों को उनका अपना आवास

## मुख्यमंत्री के निर्देश, कोई जरूरतमंद नहीं रहे योजना से अछूता

न्यूज12 भारत संवाददता







रांची : झारखण्ड राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब गृहविहीन लोगों को सुविधायुक्त पक्का घर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई अबुआ आवास योजना अब धीरे-धीरे मूर्त रूप लेने लगी है। योजना के तहत 20 लाख आवास का निर्माण किया जाना है। अपने भौतिक लक्ष्य की ओर अग्रसर योजना में वर्ष 2023- 24 के लिए दो लाख आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 4 लाख 50 हजार आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाएगी, ताकि ज़रूरतमंद लोगों को ससमय आवास मिल सके।

### आकार ले रहा है आवास

रांची के कांके प्रखण्ड निवासी सुजीत उरांव खुश है। हर दिन वह अपने मिट्टी के टूटे फूटे घर को पक्का घर में बदलता देख रहा है। ऐसे ही लाखों सुजीत हैं, जिनका रहवास अब अबुआ आवास के रूप के आकार ले रहा है। सुजीत की तरह ही अन्य लोगों ने राज्य सरकार द्वारा मिले प्रथम किस्त से अबुआ आवास की नींव खड़ी कर दी है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के आदेश के बाद सुजीत उरांव समेत अन्य लाभुकों को 50 हजार रुपए की दूसरी किस्त प्राप्त हो रही है, जिससे वे घर के लिंटन स्तर तक का निर्माण कार्य पूर्ण करेंगे। ऐसे ही तृतीय किस्त के तहत एक लाख की राशि छत की ढलाई पूर्ण करने एवं चतुर्थ किस्त के तहत 20 हजार रुपए की राशि दी जाएगी, ताकि वे अपने घर को पूर्ण कर सकें।

### ऐसे पूरा होगा 20 लाख घर देने का लक्ष्य

अबुआ आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023- 24 में दो लाख, 2024- 25 में 4 लाख 50 हजार, 2025- 26 में 4 लाख 50 हजार, 2026- 27 में 4 लाख 50 हजार एवं 2027- 28 में 4 लाख 50 हजार आवास निर्माण की स्वीकृति दी जानी है। फिलहाल वित्तीय वर्ष 2023- 24 में दो लाख आवास निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसको लेकर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट आदेश दिया है कि ससमय निर्माणधीन घरों का जियो टैग कर आवास निर्माण की प्रगति की समीक्षा करें। साथ ही जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज तेजी से अपलोड करना,संबंधित बैंक के साथ समन्वय बना कर आधार कार्ड संबंधी त्रुटियों को दूर करना, समय से किस्त विमुक्त करते हुए तेजी से आवास पूर्ण करना एवं आवासों को पूर्ण करने के लिए जिला एवं प्रखण्ड के साथ लगातार समीक्षा करना सुनिश्चित करें।

# पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार से मिलते पीडब्ल्यूडी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

न्यूज12 भारत संवाददता



गया। पंचायती राज मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री ललन सिंह से बुधवार को पीडब्ल्यूडी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श् हृदय यादव मिले उन्होंने मंत्री बनने पर उन्हें दिव्यांग जनों की ओर से बधाई व शुभकामनाएं दी श्री यादव ने उनसे दिव्यांगों के लिए 5% आरक्षण के आधार पर पंचायती राज विभाग में रिक्त पदों पर दिव्यांगजन भाई बहनों को पद स्थापित करने का मांग किया है। इसके साथ ही मत्स्य विभाग मे भी दिव्यांग जनों को 5% का आरक्षण की मांग पशुपालन एवं डेयरी विभाग में भी 5% आरक्षण का मांग यादव ने प्राथमिकता के आधार पर गुहार लगाई है मंत्री ललन सिंह ने श्री यादव के प्रस्ताव पर आगे काम करने का आश्वासन दिए हैं।

# लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी की जीत पर आभार यात्रा



न्यूज12 भारत संवाददता

गिरिडीह : लोकसभा क्षेत्र से NDA प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र से NDA का प्रत्याशी ढुल्लू महतो की जीत खुशी में कतरास बाजार स्थित स्वस्तिक सिनेमा हॉल से सूर्य मन्दिर कतरास तक देवतुल्य जनता के बीच ₹आभार यात्रा₹ निकाला गया। आभार यात्रा व कार्यक्रम का नेतृत्व आजसू पार्टी के धनबाद जिला प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी, प्रखण्ड अध्यक्ष राकेश गयाली, प्रखण्ड सचिव प्रेम कुमार तिवारी, संतोष महतो, राधेश्याम गोस्वामी, आशीष तिवारी, नवदीप गुप्ता, मिथुन बाऊरी, शेखर सिंह, भरत शर्मा, राकेश सिंह, कुल्लू चौधरी, पप्पू सिंह, प्रदीप सिंह, सोनू गोस्वामी, सिंटु गयाली, गोल्डन तिवारी, दिलीप डांगी, वीरू सिंह कर रहे थे।

# राहुल गांधी का मनाया गया जन्मदिन



न्यूज12 भारत संवाददता

धनबाद : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एव रायबरेली के सांसद जननेता और भारत के लोकप्रिय नेता श्री राहुल गांधी जी के जन्मदिन के सुभ अवसर पर संविधान की प्रस्तावना पढ़ वचन लिए की संविधान बचाने का जो जयघोष राहुल गांधी जी ने किया है उसे हमलोग अपने क्षेत्रों मे जिम्मेदारी के साथ जारी रखेंगे साथ ही केक काट कर युवा साथी हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम के नेतृत्व सिंदरी विधानसभा युवा काँग्रेस अध्यक्ष टिंकू अंसारी ने किया। उसके बाद गोबिन्दपुर प्रखंड के कुछ स्थानीय समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल गोबिन्दपुर के अंचल अधिकारी शशि भूषण सिंह जी से मिलकर अभिलंब निराकरण करने को कहा गया अन्यथा युवा कांग्रेस अंचल कार्यालय का घेराव करने में बाध्य होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद युवा कांग्रेस के ज़िला महासचिव गुलाम मुंतका जी एवं अनवर अंसारी जी रहे। सिंदरी विधानसभा महासचिव यूसुफ शेख, जाबिर अंसारी जी तबरेज अन्सारी, विधानसभा सचिव तारिक अनवर, सरफराज अंसारी, फुरकान अन्सारी जी असलम अंसारी जी गोबिन्दपुर अल्पसंख्यक अध्यक्ष जाफर अंसारी
गोविंदपुर प्रखण्ड युवा उपाध्यक्ष अनिल सोरेन, बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष विकास सिंह जी, उपाध्यक्ष सुभम दास जी छात्र नेता मोइन अंसारी जी साकिब,जी आफताब अंसारी, जी मनवर जी सद्दाम जी हसन जी तुपन महतो जी ,राजेश तुरी जी, मनोज जी शिवलाल हांसदा जी।

# गुलनार परिवार ने चंपा देवी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

न्यूज12 भारत संवाददता




गया।बुधवार को मीर अबू सालेह रोड स्थित गुलनार निशुल्क महिला सिलाई सेंटर प्रांगण में गुलनार की प्रेरणा स्रोत रही धर्म पारायण महिला महिला चंपा देवी की आठवीं पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई है। इस अवसर पर उपस्थित लोगो ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस बीच कवियों ने दिवंगत चंपा देवी को कविता की पंक्तियां प्रस्तुत कर काव्यांजलि दी गई है। साहित्यकार मुद्रिका सिंह ने परलोक जाकर मईया काहे तू विसार ल। आंधी और तूफान से मईया हर समय उबार ल प्रस्तुत किया। साहित्य प्रेमी उदय सिंह ने कहा तू मर कर भी अमर हुई मां।
इस मौके पर चंपा देवी के पुत्र इंद्रजीत कुमार, स्वाभिमान पार्टी के प्रमुख कौशलेंद्र नारायण, नवीन कुमार गुप्ता सहित अन्य लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया है। वक्ताओं ने चंपा देवी को गुलनार परिवार का एक वट वृक्ष बताते हुए उनका जीवन महिलाओं के लिए प्रेरणादायी बताया है। चंपा देवी के मार्गदर्शन से ही 1990 से लगातार गुलनार सिलाई सेंटर के माध्यम से शहर के महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने का कार्य किया जा रहा है।
पुण्यतिथि समारोह में जैनेंद्र कुमार मालवीय, गोपाल प्रसाद पटवा, विनोद जसरपुरिया, विजय , बबलू गुप्ता, धीरज कुमार, दीपक स्वर्णकार, मुद्रिका सिंह, मनोज कुमार, अरुण हरीवाल, विनोद बरबिगहिया, शंकर प्रसाद, महेंद्र प्रसाद,देवाशीष गांगुली,मिथिलेश मिश्र दर्द,डॉ शकील ओलाई, शंकर प्रसाद, शकील खान आदि लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूनम कुमारी एवं नंदनी कुमारी की सराहनीय भूमिका रही है। इस कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार एवं धन्यवाद गुलनार समूह के संस्थापक नीरज कुमार ने किया गया है।

# पूर्व सांसद ने प्रधानमंत्री से न मिलने पर लगाया जिलाध्यक्ष पर आरोप

न्यूज12 भारत संवाददता



गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को विशेष विमान से गया अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। इसके बाद वे नालंदा के लिए चले गये। वहीं, गया के दो पूर्व सांसद हरि मांझी और रामजी मांझी को प्रधानमंत्री से नहीं मिलने दिया गया था। इसे लेकर पूर्व सांसद हरि मांझी और रामजी मांझी ने कहा कि गया के जिला अध्यक्ष जो लिख कर देते हैं, उसके आधार पर प्रदेश से सूची बनती है। उस सूची में हमें शामिल नहीं किया गया था। मिलने के सूची में वैसे कई कार्यकर्ता को शामिल किया गया, जिन्होंने पैसे दिए, तो इस तरह से पैसे लेकर लिस्ट बनाई गई और हम लोगों को पूर्व सांसद होते हुए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं मिलने दिया गया है। यह प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। इस संबंध में गया जिला भाजपा अध्यक्ष चितरंजन शर्मा उर्फ चिंटू ने कहा है कि यह आरोप बिल्कुल गलत है। आज तक उन्होंने किसी से पैसे लेकर कोई काम किया हैं। इसका रिकॉर्ड नहीं है।

# धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स एसोसिएशन एवं टैमरॉन द्वारा सदस्यों के लिए प्रशिक्षण एवं सर्टिफिकेट, आई कार्ड वितरण कार्यक्रम




न्यूज12 भारत संवाददता

धनबादःआज बैंक मोड़ चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के सभागार में धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित टैमरॉन वेडिंग फ़ोटोग्राफ़ी वर्कशॉप में टैमरॉन के मेन्टर रानो चट्टोपाध्याय द्वारा डीडीपीए के सदस्यों को शादी की फ़ोटोग्राफ़ी और वीडियोग्राफ़ी के तकनीक सिखाए गए ,की किस तरह से वेडिंग में टैमरॉन लेंस का इस्तेमाल करके बेहतरीन परिणाम पाया जा सकता है।
कार्यक्रम मैं टैमरॉन प्रशिक्षक रानो चट्टोपाध्याय को रेनबो कलर लैब के मालिक ओम अग्रवाल ने, कंपनी के शब्बीर को संस्था के अध्यक्ष बुला चंद्र एवं एल्बम बाजार के मुकेश साव को भारतनं चावड़ा ने बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया। धनबाद जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन के अध्यक्ष बुला चंद्रा ने बताया कि फोटोग्राफर्स कैमरा के लेंस तो खरीद लेते हैं लेकिन उसे बेहतरीन तरीके से चलाया कैसे जाए यह प्रशिक्षण के माध्यम से बताया गया। हमारा उद्देश्य फटॉग्रफर्स के हित में विभिन्न गतिविधियों के अलावा सदस्यों को प्रशिक्षित करना भी है जिसके तहत यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया । कार्यक्रम के अंत में धनबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए सदस्य फटॉग्रफर्स को आई कार्ड एवं सर्टिफिकेट वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष बुला चंद्रा ,सचिव रामकुमार सिंह ,कोषाध्यक्ष विश्वास कुमार गुप्ता ,शुभम, मुन्ना सिंह ,मुन्ना चौहान, विक्की, सोनू, संतोष, रितु, श्रवण,गौरव ,तपन सुपदार, अशोक प्रधान, संजीव मित्रा एवं समस्त फोटोग्राफरों की आम भूमिका रही।

# संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कर्मियों ने किया प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

न्यूज12 भारत संवाददता



तिसरा। बस्ताकोला क्षेत्र अंतर्गत केओसीपी विभागीय परियोजना को बचाने के लिए बुधवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कर्मियों ने गोलकडीह वर्कशॉप के मुख्य द्वार पर प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया! सात सूत्री मांग पत्र सौपा गया! प्रबंधन विरोधी नारे लगाए गए! प्रदर्शनकरियो को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि केओसीपी प्रबंधन विभागीय परियोजना को बंद करना चाह रही है! अगर परियोजना बंद हो गई तो एक हजार से अधिक मजदूरो पर छटनी की तलवार लटक जाएगी! क्योंकि पूरे बस्ता कोला क्षेत्र में केओसीपी मे ही विभागीय परियोजना बचा हुआ है! परियोजना को बचाने के लिए संयुक्त मोर्चा के नेताओं के साथ क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्तर पर कई बार वार्ता हुई थी जिसमें कहा गया था कि केओसीपी विभाग के परियोजना के बगल में वन विभाग की जमीन है! अगर प्रबंधन वन विभाग से जंगल की जमीन क्लीयरेंस करा लेती है तो इस क्षेत्र में कोयले का भंडार है! लेकिन चार-पांच साल से प्रक्रिया चल रही है लेकिन अभी तक जमीन क्लीयरेंस नहीं हो पाया है! इससे साफ झलकता है कि प्रबंधन की मंशा ठीक नहीं है!यही कारण है कि आंदोलन शुरू किया गया है जो चरणबद्ध चलेगा! जिसमें 21 जून तक पीट मीटिंग होगी! 25 जून को गोलकडीह कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा!10 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना एवं एक सप्ताह के बाद भूख हड़ताल होगी! इसके अलावा वक्ताओं ने कहा कि दोबारी, कुइया, बेड़ा, घानूडीह कोलियरी को मिलकर विभागीय परियोजना चालू किया जाए, लोदना क्षेत्र का ओबी डंप बस्ताकोला क्षेत्र में नहीं किया जाए, ओ बी डंप के लिए रैयती जमीन का अधिग्रहण हो, संडे हॉलीडे कटौती बंद हो इन सारे मुद्दों पर यदि प्रबंधन शीघ्र पहल नहीं करती है तो उग्र आंदोलन होगा! विरोध प्रदर्शन करने वालों में तुलसी रवानी, उमेश सिंह, हीरालाल गोराई,कालीचरण रवानी, भगवान प्रसाद नोनिया, राजीव कुमार सिंह,अखिलेश्वर तिवारी, रघुवीर निषाद, तेजेंद्र वर्मा, प्रेम सागर राम,प्रभास सिंह आदि शामिल थे!

# वर्ल्ड फूड इंडिया की वेबसाइट तथा मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ

न्यूज12 भारत संवाददता




पटना : केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोजपा ( रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में आगामी मेगा फूड इवेंट 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' के पूर्वावलोकन कार्यक्रम के दौरान वर्ल्ड फूड इंडिया की वेबसाइट तथा मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया। आगे श्री चिराग ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पहले हम लोग वेस्टेज को हम लोग कम करें,पेरिशेबल आइटम्स है,सब्जी है, फल है, इन तमाम चीजों को अलग-अलग माध्यम से,भले वो कोल्डस्टोर के माध्यम से हमलोग वेस्टेज को एकदम मिनिमाइज कर सके। वैल्यू एडिशन हम लोग कैसे कर सके? मेरा हमेशा से मानना रहा है कि जहां पर उत्पादन हो रहा है, अगर वहीं पर ही अगर प्रोसेसिंग यूनिट हो, वहीं पर उसकी पैकेजिंग बेहतर हो जाए, उसका हम लोग मार्केट कर पाए, तो किसानों को स्वाभाविक है कि इसका ज्यादा लाभ होगा । अगले पांच साल में इसी दिशा में हमारा मंत्रालय कार्य करेगा। हाइजीन मेंटेनेंस एक बहुत बड़ी चीज है। क्वालिटी चेक हमेशा रहे। क्वालिटी कंट्रोल रहे और वर्ल्ड स्टैंडर्ड को हमलोग मीट कर सके, यह भी अगले पांच सालों में हम लोगों की प्राथमिकता रहेगी।

# नगर आयुक्त के निर्देश पर बक़रीद एवं नीर्जला एकादशी पर अच्छी व्यवस्था

न्यूज12 भारत संवाददता




गया । गया नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा द्वारा बैठक कर गया नगर निगम के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए गए निर्देश के आलोक बकरीद पर्व के अवसर पर मुस्लिम बाहुल्य वार्ड , नमाज अदा करने वाले स्थानों पर अच्छी सफाई व्यवस्था, चुना ब्लीचिंग का छिरकाव, पेयजल की व्यवस्था कराई गई है। कुर्बानी के बाद निकलने वाले अपशिष्टों को यथा स्थान निष्पादित कराया गया बकरीद के अवसर पर जोन बनाकर सभी सफाई जोनल प्रभारी,मुख्य सफाई निरीक्षक ,सहायक ,सभी लोक स्वच्छता प्रभारी,नोडल पदाधिकारी सफाई की प्रतिनियुक्ति की गई थी , जिन्होंने मुस्तैद होकर अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारू रूप से किया गया है।उप नगर आयुक्त द्वारा नियमित रूप से अनुश्रवण किया गया है ।नागरिकों द्वारा भी अच्छी सफाई व्यवस्था की सराहना की गई है।
निर्जला एकादशी पर नगर निगम द्वारा विष्णुपद मंदिर प्रांगण, देवघाट की अच्छी सफाई व्यवस्था कराई गई, चुना ब्लीचिंग का छिड़काव कराया गया, सभी शौचालय एवम प्याऊ को कार्यरत रखा गया एवम देव घाट पर नागरिकों के लिए पंशाला की भी व्यवस्था कराई गई।

# पर्यावरण संरक्षण विश्व के लिए चुनौती-आरजेडीइ

न्यूज12 भारत संवाददता




गम्हरिया। कोल्हान के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक निर्मला बरेलिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कठोर कदम उठाएं, अन्यथा नौनिहालों के सामने गंभीर संकट उपस्थित हो जायेगा। पर्यावरण संरक्षण विश्व के लिए चुनौती बन गया है। पर्यावरण संरक्षण हाल के दशकों में एक व्यापक मुद्दा बन गया है। उन्होंने कहा कि समुद्री जलस्तर में वृद्धि, ग्लेशियरों का पिघलना, वर्षा प्रतिरूप में बदलाव आदि से पर्यावरण असंतुलित हो गया है। गम्हरिया इंग्लिश स्कूल प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण एवं समाज की भूमिका नामक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरेलिया ने वृक्षारोपण और जल संरक्षण पर बल देते हुए लोगों से समाज में जागरूकता पैदा करने की अपील की। कहा कि अगर भविष्य को बचाना है तो वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति स्वयं अपने अपने घरों में जल संचयन के साथ वृक्षारोपण कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एजुकेशनल एंड सोशल डेवलपमेंट सोसायटी की वाइस चेयरमैन रिंकु राय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारे समाज की जिम्मेदारी है। हमें मिलकर इसे एक जन आंदोलन बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और कहा कि सभी विद्यालयों को मिलकर अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान में शामिल करने की जरूरत है। इस अवसर पर प्रशासक रीमा बनर्जी ने कहा कि यह पहल हमारे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और हम सभी को इसमें योगदान देना चाहिए।
इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति एवं विद्यार्थियों ने मिलकर एक माह के भीतर 5 हजार वृक्षारोपण करने की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्रीमती किरण चोली ने सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया और इस पहल को सफल बनाने में उनके सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुब्रतो राय, सचिव शिप्रा पॉल, चंदना सिंह, रूपम सिंह, सरिता मोहंती, शीला महतो, मुकेश पाठक, स्वेता कुमारी, सरिता मिश्रा, पंकज, अमित, अमिता, लीना, नंदा, कविता, सुमिता, पूमा, निशु, नीलू झा, कमलजीत, सत्यवान निशा, रश्मिता, सोनल, सरिता, मीरा, रश्मिता साव, स्वेता आदि उपस्थित थे।

# सीसीएल डीएवी पब्लिक स्कूल चलाया स्वच्छता पखवाड़ा

(न्यूज 12 भारत) गिरिडीह

सीसीएल के आदेश के आलोक में बुधवार को सीसीएल डीएवी पब्लिक स्कूल प्रागंण में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया। प्रथम दिवस में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओपी गोयल ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारी एवं विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को सामूहिक स्वच्छता शपथ दिलाई। विद्यालय परिसर में स्वस्थ और ताजा वातावरण बनाए रखने के लिए सफाई वक्तव्यों का पालन करने के लिए अभियान की शुरुआत हुई। प्रधानाध्यापक ने अपने संबोधन में कार्यस्थल और दैनिक जीवन दोनों में स्वच्छता बनाए रखने में व्यक्तिगत जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया। स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के दौरान प्रमुख रूप से स्कूल को प्लास्टिक मुक्त मुक्त पर विशेष बल दिया गया है। जैसा कि कोरोना काल में देखा गया था कि जहां-तहां थूकने से कोवीड संक्रमण फैलने का डर होता था। इसका मुख्य उद्देश्य सफाई के साथ-साथ बीमारी से बचना भी है। इस दौरान बच्चों ने हिंदी एवं अंग्रेजी व्याख्यान के माध्यम से सभी को स्वच्छता के विषय में जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया। विभिन्न नारों के उद्घोष के साथ स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक ओ पी गोयल,एस.रब्बानी,काकोली शाह सहित सारे शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता- उपायुक्त

न्यूज12 भारत संवाददता




धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में की गई।

बैठक के दौरान छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र बनाने, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, जन्म प्रमाण पत्र बनाने, मिड डे मील की समीक्षा, जर्जर भवनों की स्थिति की समीक्षा, जिला स्थापना समिति की समीक्षा, स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण के पश्चात रिक्त अनुसार स्थापना की समीक्षा, साइकिल वितरण की समीक्षा, किशोरी समृद्धि योजना एवं सावित्रीबाई फुले योजना की समीक्षा, खाद्यान्न उठाव, कुकिंग कोस्ट मद के आय व्यय के विवरण, अतिरिक्त पोषाहार (फल, अंडा) के आय व्यय का विवरण, ऑनलाइन एमआईएस पोर्टल की समीक्षा, रसोईयो का वृद्धा पेंशन एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण करने की समीक्षा समेत बचे हुए विद्यालयों के बाउंड्री वॉल निर्माण, स्कूलों में लगातार हेल्थ चेकअप करने, अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु विभिन्न प्रकार के समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने कहा कि जिले में बच्चों के शिक्षा से लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ बेहतर गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक आहार(मिड डे मील) देना हमारी प्राथमिकता है, इन चीजों पर किसी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन प्रखंडों में बच्चों के आधार इनरोलमेंट, जाति प्रमाण पत्र निर्माण, दिव्यांग प्रमाण पत्र आदि निर्माण कार्य में पीछे है वैसे प्रखंडों में कैंप लगाकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जल्द से जल्द प्रमाण पत्र निर्गत करवाने का कार्य करेंगे। इस कार्य में समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर बच्चों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन भी विद्यालयों में बाउंड्री वॉल नहीं है वैसे विद्यालयों को चिन्हित कर जल्द से जल्द बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही जिन भी रसोइयों का वृद्धा पेंशन या आयुष्मान कार्ड का निर्माण नहीं हुआ है वैसे सभी लाभुकों को जल्द से जल्द योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। स्कूलों में समय-समय पर हेल्थ चेकअप का आयोजन कर बच्चों के स्वास्थ्य का जांच अवश्य करवाएं। सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचे एवं बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। किसी भी कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित कर्मी एवं पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। शिक्षकों के शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज हो इसके लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को क्षेत्र भ्रमण करने का निदेश दिया गया। उन्होंने आवासीय विद्यालय एवं बालिका विद्यालयों के सुरक्षा की समीक्षा करते हुए कहा कि बच्चियों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय-समय पर जिला से वरीय पदाधिकारी विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेंगे की आवासीय विद्यालय एवं बालिका विद्यालय में नियम एवं शर्तों का पालन हो।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री निशु कुमारी,जिला शिक्षा अधीक्षक श्री भूतनाथ रजवार, समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, एडीपीओ श्री विजय कुमार समेत सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत कई अन्य कर्मी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 13 जुलाई के बीच प्रि-सिटिंग माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने का निर्देश



न्यूज12 भारत संवाददता

गया। 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए 19 जून को स्पेशल विधुत न्यायालय, गया में प्रभारी विधुत न्यायालय सह अपर जिला सत्र न्यायाधीश 12 ब्रजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता एवम सचिव आशीष कुमार अग्निहोत्री के दिशानिर्देश में विद्युत विभाग के अधिकारियों के मध्य बैठक हुई है।इस बैठक में सचिव ने उपस्थित बिजली विभाग के अधिकारियों सें बिजली विभाग के न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य एवं विद्युत मामलों को दिनांक 20 जून से 13 जुलाई के बीच प्रि-सिटिंग माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है।इस बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन देते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग प्रदान करेंगे एवं शासन द्वारा दी जाने वाली छूट का व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे। इसके साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आमजनों से अपील की है विजली कोर्ट में लम्बित मामलों का कम्पाउंडिंग फी 20 जून से 13 जुलाई के पूर्व तक जमाकर इस राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा उठाएं। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता सोहेल अहमद,अजय कुमार,सुनील कुमार,अशोक राज, अनिल कुमार भारती, राजेश प्रसाद, राजेश कुमार, बिनोद कुमार चौधरी, सूरज प्रसाद,राजीव रंजन, चंदन कुमार , दीपक कुमार, सोमनाथ प्रसाद, ब्राविम एवम अन्य विद्युत विभाग के पदाधिकारीगण , विद्युत न्यायालय के कर्मचारी आशीष कुमार उपस्थित थे।

## 21 जून 2024 अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर निरसा अग्रसेन भवन में संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से लगाया जा रहा महा रक्तदान शिविर



न्यूज12 भारत संवाददता

ब्लड बैंको में इस वर्ष की भीषण गर्मी के चलते ब्लड डोनेशन कैंप कम लगने के कारण ब्लड बैंको में रक्त की उपलब्धता काफी कम, नहीं के बराबर हो रखा है ,कोई भी समुह के रक्त उपलब्ध नहीं रहने के कारण बहुत से मरीज़ जैसे थेलेसिमिया ,अप्लास्टिक एनीमिया, डिलीवरी पेशेंट, एक्सीडेंट पेशेंट तथा अन्न मरीजों को समय पर ब्लड बैंको से रक्त उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिसके चलते काफी मरीजों को परेशानी हो रही है ,इस रक्त की कमी को कुछ हद तक कम करने की मुहीम में समाज के समाजसेवी संस्था समर्पण एक नेक पहल (NGO),राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत,मारवाड़ी युवा मोर्चा (निरसा शाखा )तथा भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति के सदस्यों ने आगे बढ़कर एक महा रक्तदान शिबिर लगाने का निर्णय 21/06/2024 को सुबह 10:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक निरसा अग्रसेन भवन में लिए है ,इस रक्तदान शिविर के साथ एक निशुल्क चिकित्स्या जाँच शिविर का आयोजन अमन सिंह निर्देशक कुमारधुबी हॉस्पिटल के सौजन्य से लगाया जा रहा है, संस्थाओं के द्वारा सभी निरसा -चिरकुंडा के रक्तदाताओं से 21/06/2024 को निरसा अग्रसेन भवन में आकर रक्तदान शिविर में आकर रक्तदान करने की एपिल किए ओर रक्तदाताओं को रक्तदान कर जीवनदान देने का कार्य करने का अनुरोध किया गया।

# राज्य के विकास के लिए समाज के हर वर्ग की सहभागिता आवश्यक : सुदेश महतो

### डेंटल सर्जन डॉ. मनीष समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने ग्रहण की आजसू पार्टी की सदस्यता

न्यूज12 भारत संवाददता



रांची : राज्य के विकास के लिए समाज में बेहतर कार्य करने वाले लोगों की राजनीति में सहभागिता आवश्यक है। विकास की पटरी से उतर चुके झारखण्ड को फिर से पटरी पर लाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। जनता की सेवा और उत्थान की दिशा में बेहतर काम करने के लिए आप सभी को आजसू पार्टी सशक्त मंच देने का काम करेगी।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले डेंटल सर्जन डॉ. मनीष समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कही।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले सीनियर स्पेशलिस्ट डेंटल सर्जन डॉ. मनीष गौतम ने कहा कि अपने अनुभव को समाज के कल्याण में लगाने के उद्देश्य से राजनीति में आने का फैसला लिया है और इसके लिए आजसू और सुदेश महतो के नेतृत्व से बेहतर कोई विकल्प नहीं है इसलिए आजसू में शामिल हो रहा हूँ।

इन्होंने ली सदस्यताः अनूप संजय टोप्पो पूर्व उपमुखिया सह आदिवासी एकता मंच चैनपुर के अध्यक्ष, संजय कुमार साहू राष्ट्रीय तेली समाज के गुमला जिला उपाध्यक्ष,सकलदेव नाथ शाहदेव विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड महामंत्री, राजेश साहू, पप्पू कुमार सिंह युवा कांग्रेस गुमला के पूर्व सचिव, फ्रांसिस्का खाखा जेएमएम के उपाध्यक्ष, अरुणा लाकड़ा जेएमएम के सह सचिव, समीर, अमरदीप एक्का, रमेश उरांव, हेमंत टोप्पो, राहुल उरांव, सोहराई उरांव, बासुदेव उरांव, महावीर पन्ना समेत अन्य कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## रैयती जमीन पर ग्राम देवी मंदिर पास देवप्रभा आउटसोर्सिंग द्वारा ओबी डंप कर धार्मिक भावनायों को पहुचाया जा रहा है ठेस - सुरेश चंद्र तिवारी

न्यूज12 भारत संवाददता



लोदना/झरिया - बुधवार को लोदना क्षेत्र के ब्राह्मण बरारी मोदीभिठा बस्ती के सैकड़ों वर्षों पुरानी ग्राम देवी मंदिर के नजदीक देवप्रभा आउटसोर्सिंग कम्पनी ने रैयती जमीन पर ओबी डम्प कर ग्रामिणो के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके प्रतिकार स्वरुप ग्रामिण एकजूट होकर आउटसोर्सिंग कम्पनी के विरुद्ध में आवाज उठाया।

उक्त बातें झारखण्ड रानीगंज कोलफिल्ड विस्थापन एवं प्रर्यावरण संरक्षण मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी ने कहा फिर उन्होंने कहा कि ग्रामिणो ने इस सम्बंध में माननीय भाजपा सांसद श्री ढुलू महतो को एक आवेदन देने का निर्णय लिया है क्योकि रैयती जमीन पर आये दिन असुरक्षित ओबी डम्प करने से प्रर्यावरण दूषित हो रहा है तथा ब्लास्टिगं से हर वक्त खतरा बना हुआ रहता है मौके पर सोरेश चक्रवर्ती, सुनील चक्रवर्ती तथा दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी ।

# शत प्रतिशत नोटिस तामील कराएं

न्यूज़ 12 भारत



जमुई : बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार अगामी 13 जुलाई को निर्धारित राष्ट्रीय लोक अदालत को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए कमर कस ली है। व्यवहार न्यायालय के न्याय सदन में जिले के तमाम थाना के नोडल अधिकारियों की अहम बैठक आहूत की गई जिसमें उन्हें नोटिस तामिला के साथ कई महत्वपूर्ण टास्क दिए गए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि

पक्षकारों को शत प्रतिशत नोटिस तामिला कराएं। नोटिस का तामिला कर वांछित प्रतिवेदन कार्यालय को समर्पित करें। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक को लेकर सघन प्रचार अभियान चलाएं और हर नामित वादियों को इसकी जानकारी दें। गस्ती गाड़ी में राष्ट्रीय लोक अदालत का बैनर लगाकर उसे गांव-गांव में परिचालित करें ताकि हर नागरिक यह जान सकें कि राष्ट्रीय लोक अदालत बड़े काम की अदालत है। ग्राम पंचायत के मुखिया और चौकीदार से इस कार्य में सहयोग लें। ग्राम कचहरी के लंबित प्रकरणों का भी राजीनामा के आधार पर निस्तारण किया जाना है। सचिव ने नोडल पदाधिकारियों को बताया कि आदलत द्वारा निर्गत नोटिस के आधार पर ही पक्षकार समझौता का पहल करते हुए लोक अदालत पहुंचेंगे। नोटिस की जानकारी नहीं होने पर सुलह के आधार पर कम मुकदमों का निपटारा होगा। इसलिए निर्गत नोटिसों के तामिला के आधार पर ही लोक अदालत की सफलता निर्भर करती है। इसमें सबका साथ और सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछले लोक अदालत में रिकॉर्ड मामलों का निष्पादन हुआ था जिसमें आपका सहयोग सराहनीय था। सचिव ने उसी तर्ज पर पुनः सहयोग करने की अपील की।mन्यायिक पदाधिकारी महेश्वर दुबे न्यायालय कर्मी मुकेश सिन्हा समेत जिले के अधिकांश थाना के नोडल अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

## कांग्रेस द्वारा लाल मुनी वृद्ध आश्रम में मनाया गया राहुल गांधी जी का जन्मदिन

न्यूज12 भारत संवाददता



धनबादः धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा सबलपुर स्थित लालमुनी ओल्ड एज होम में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय राहुल गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर तथा फल बाटकर मनाया गया । मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा आज कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा दिन है, और इस दिन को मनाने के लिए हमने समाज के उन लोगों को चुना जो किसी कारण से अपने परिवार से दूर है, कांग्रेस पार्टी हर गरीब जरूरतमंद के साथ हमेशा खड़ी है। इस अभूतपूर्व समय में देश की एकमात्र "उम्मीद की किरण जन-आशा" जननायक आदरणीय श्री राहुल गांधी जी को धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के तरफ से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वृद्धाश्रम की बुजुर्ग महीलाओ ने केक काटकर राहुल गांधी जी का जन्मदिन मनाई।

उक्त अवसर पर धनबाद जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह झारखंड, प्रदेश कांग्रेस सचिव वैभव सिंहा ,रवि रंजन सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव, जिला महासचिव जावेद रजा, अख्तर खान गुड्डू,बबलू दास,रामजी भगत, एनएसयूआइ जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, मसूद आलम जिला परिषद सदस्य राजेश राम, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज हाड़ी, केंदुआ करकेंद कांग्रेस नगर अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान, अनू पासवान नारायण सिंह, सदाब आलम, सोनी झा, सुरज वर्मा, श्याम साव, सोनू वर्मा, आदी।

## भारत के आमजन की आवाज कॉंग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी की 54 वां जन्मदिन मनाई गई

न्यूज12 भारत संवाददता




गया। देश के सजग, साहसी, संघर्षशील, ईमानदार, जनप्रिय नेता, आमजन की आवाज राहुल गांधी की 54 वां जन्मदिन गया के स्थानीय कॉंग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम मे मनाई गई है।इस कार्यक्रम का शुभारंभ 54 पाउंड का केक काट कर , स्थानीय छोटे- छोटे बच्चों के बीच, कलम, बिस्किट, आदि वितरित कर हुआ है।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा ने किया गया है। इस कार्यक्रम में शामिल बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह, बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठु, पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि चंद्रिका प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष युगल किशोर सिंह, राम प्रमोद सिंह, विद्या शर्मा, विपिन बिहारी सिन्हा, दामोदर गोस्वामी,जिला महासचिव डॉ देविका सरयार, युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, अजित कुमार,प्रदीप शर्मा, राजीवकुमारसिंहउर्फ लबी सिंह, शशि कांत सिन्हा, मदीना खातून, शांति देवी, शिव शंकर प्रसाद, मोहम्मद नवाब अली, बाबूलाल प्रसाद सिंह, टिंकू गिरी, नवीन कुमार, सैफुल इस्लाम,शिवनाथ प्रसाद, अर्जुन प्रसाद,चिंटू सिंह,जितेंद्र प्रसाद,साजिद आलम,शशांक भूषणआदि ने एक दूसरे को केक खिलाया तथा खुशी का इजहार करते हुए, राहुल गांधी के बेहतर स्वस्थ एवं लंबी आयु की कामना किए हैं।नेताओं ने कहा कि विश्व लोकतंत्र के इकलौता महानायक, जनमानस की आवाज राहुल गांधी ने देश में 4000 किलोमीटर पैदल भारत जोड़ों यात्रा तथा 6700 किलोमीटर भारत जोड़ों न्याय यात्रा बस एवं पैदल यात्रा कर सम्पूर्ण देश के किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान, बच्चे, बूढ़े, महिलाएं सभी से रुबरु होकर उनके समस्याओं से अवगत होकर उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का संकल्प दोहराया है।नेताओं ने कहा कि देश के एक मात्र राहुल गांधी ही ऐसे नेता हैं जो बिना डरे। बिना झुके मोदी सरकार के गलत नीतियों, एवं विफलताओं के खिलाफ संघर्षरत रहे, और आगे भी रहेंगे। राहुल गांधी लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन के नायक की भूमिका निभाई तथा देश के मतदाता मालिकों ने उन्हें दुगने ताकत के साथ आगे बढ़ाते हुए लोकतंत्र एवं संविधान को सशक्त बनाने का काम किया गया है।